Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 07-08-2022 | अंक 308

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सोना सोबरन योजन के तहत धोती साड़ी किया गया वितरण



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के बिरहोर टोला में सोना सोबरन के तहत निशुल्क 65 लाभुको के बीच साड़ी धोती वितरण किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, खोड़ाहर मुखिया अनीता देवी, उपमुखिया रोहित यादव ने संयुक्त रूप से वितरण किया। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने कहा की सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार रोटी, कपड़ा और मकान पर विशेष ध्यान दे रही है। ताकि गरीब परिवार मूलभूत सुविधाएं से वंचित न रहे।

APEM LIVE

# सनातन संस्कृति ही संपूर्ण विश्व की धरोहर है इसे संरक्षित करें : गुरुदेव

## सविता देवी बनी दुर्गा वाहिनी संयोजिका मधुचंद्र देवी मातृशक्ति प्रमुख

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित





विश्व हिंदू परिषद की देशव्यापी संगठन विस्तार योजना के तहत राम काज किए बिना मोहे कहां विश्राम को मूर्त रूप देते हुए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज विजैया पंचायत एवं करियातपुर पंचायत में पंचायत समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित किया । इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार ने की और संचालन बजरंग दल संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा की सनातन संस्कृति विश्व की सबसे बड़ी धरोहर है इसे संरक्षित करके ही विश्व का कल्याण किया जा सकता है । यही वह धर्म है जहां विश्व के कल्याण की कल्पना की जा सकती है ।सनातन संस्कृति में विश्व कल्याण निहित है क्योंकि यह संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर काम करती है जहां पूरा विश्व एक परिवार की तरह है। यहां स्त्रियों को माता का दर्जा प्राप्त है और प्रकृति पूजन का सर्वश्रेष्ठ केंद्र है जो पूर्णतरू वै. ज्ञानिकता को प्रमाणित करता है जहां हम लोग एक ओर वट वृक्ष की पूजा करते हैं तो दूसरी ओर पीपल की पूजा करते हैं जो निरंतर मानव जीवन को प्राणवायु प्रदान करता है। हम चांद और सूरज के साथ-साथ नदियों को भी पूजते हैं ।हमारे संस्कार में बड़ों के प्रति आदर भाव और छोटे के प्रति करुणा भाव झलकता है इसलिए इसकी रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस हेतु हमें विश्व हिंदू परिषद नामक संगठन से जुड़ कर सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का भरपूर प्रयास करना चाहिए और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर समाज को सजग करना चाहिए। समिति का विस्तार करते हुए विजैया पंचायत में सर्वसम्मति से युगल यादव अध्यक्ष ,विकास कुमार यादव मंत्री ,मिथिलेश यादव बजरंग दल संयोजक, सीताराम पंडित सत्संग प्रमुख, सविता देवी दुर्गा वाहिनी संयोजिका ,मधुचंद्र देवी मातृशक्ति प्रमुख एवं परमेश्वर पंडित को मिलन प्रमुख बनाया गया । नव दायित्व देते हुए विकास यादव ,जुगल किशोर यादव ,सीताराम पंडित एवं परमेश्वर पंडित को क्रमशः बेलहारा, गुड़ियों ,विजैया एवं बैजलाडिह के पालक का दायित्व भी दिया गया ।वहीं करियातपुर में समिति का विस्तार करते हुए धर्मेंद्र कुमार प्रजापति को अध्यक्ष, कमलेश कुमार कुशवाहा को मंत्री ,शुभम केसरी को बजरंग दल संयोजक ,नकुल रविदास को सत्संग प्रमुख एवं मोनू केसरी को मिलन प्रमुख का दायित्व दिया गया ।इस बैठक में जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता ,विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष संजय राणा ,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ,प्रखंड मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी ,सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन केसरी ,सुरेश यादव ,मनोज कुशवाहा ,अनिल केसरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की ओर से दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय महाधिवेशन में शामिल हुए झारखण्ड प्रदेश तैलिक सामज के अध्यक्ष अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की ओर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय महाधिवेशन में झारखण्ड प्रदेश तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि हमारे समाज के बेटे और बेटियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए नई ऊंचाईयों को स्पर्श कर रहे हैं और समाज का नाम रौशन कर रहें है। मेरे आग्रह पर आप सभी लोगों ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम मे भारी संख्या में आकर ओबीसी समाज की एकता का परिचय दिया। इसके लिए तहे दिल से शुक्रिया और धन्यवाद। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष बबनरावजी तायवाडे, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष सुभाष घाटे, प्रदीप साहू सहित हजारों लोग उपस्थित रहें।

## एकादश कार्यक्रम में भक्ति जागरण का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी निवासी रामस्वरूफ रजक के पिता के एकादश में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य मुखिया गोविंद साहू समाजसेवी प्रदीप रजक ने किया। समाजसेवी प्रदीप रजक ने बताया की स्व मिशर रजक हमारे गांव के एक सामाजिक व्यक्ति थे। साथ ही गांव और पंचायत के विकास के लिए हमेशा प्रत्यनशील रहते थे। मैं इनका निधन से काफी मर्माहत हूं।वहीं भक्ति जागरण में आए कलाकारों ने रंगारंग भक्ति गीत प्रस्तुत किए। जिसपर लोग झूमने को मजबूर हो गए। मौके पर मुखिया गोविंद साहू, समाजसेवी प्रदीप रजक, रामस्वरूफ रजक, शिव कुमार राम, सोबरन प्रजापति, सुरेश राम, संदीप कुमार, राहुल कुमार, सुजल कुमार, संतोष राम सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## रंगदारी के आरोप में जीप प्रतिनिधि 2 जेल गए

### फंसाया जा रहा है मेरे पति को–जीप सदस्य प्रेरणा प्रिया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम बेलकपी सूर्यकुंड परिसर से गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी सदल बल पहुची व वहां पर जनता दरबार लगा रहे जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के पति चन्दक. ान्त पांडेय, सुरेश पांडेय व रिंकू माली को पकड़कर थाना ले आई इस बात की जैसे ही चर्चा हूई थाना परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ हो गयी सभी किसी तरह की घटना से अनजान थे स्वयं जीप सदस्य प्रेरणा प्रिया भी मामले की जानकारी के लिए थाना पहुची लेकिन उन्होंने कहा किसी तरह की जानकारी मुझे नही दी गयी व थाना प्रभारी राधा कुमारी जी अपने साथ सभी को लेकर चली गयी बाद में हम सबो को जानकारी हुई कि उन्हें जेल भेजा जा रहा है इस बाबत थाना प्रभारी राधा कुमारी ने जानकारी उपलब्ध कराई की बेलकपी तालाब निर्माण में चंद्रकांत पांडेय, सुरेश पांडेय व रिंकू माली ने ठीकेदार के मुंशी राजकुमार यादव पिता अर्जुन यादव बंडासिंघा निवासी से दस लाख की रंगदारी मांगी गई थी इसको लेकर कांड संख्या31/22 मामला दर्ज किया गया था इसी मामले में उक्त तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है वही जीप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा उनके पति व उनके साथियों को पुलिस फंसा रही है इसमे मुझे कोई जानकारी नही दी गयी है ज्ञात हो घटना के बाद से बरकट्ठा के विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुपों में इस गिरफ्तारी की चर्चा हो रही है ।

## शव यात्रा में शामिल हुए विधायक एवं प्रमुख

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही गया रोड में कल हुई सड़क दुर्घटना में मिथिलेश यादव पिता दिनेश यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार रविवार को उनका पैतृक आवास बेंदगी में किया गया। जिसमे बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रमुख मनोज रजक, स्थानीय मुखिया सिकन्दर राणा, कुणाल कत्रियार, मो तैयब, रमेश ठाकुर सहित गांव के सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से अमेरिकन इंस्टीट्यूट में किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह सह मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

### 12वीं पास 30 से अधिक टॉपर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित





**अपेम लाइव : हजारीबाग**

हजारीबाग। स्थानीय झिंझरिया पुल स्थित अमे. रिकन इंस्टीट्यूट सभागार में चाणक्य आइएएस एकेडमी एवं अमेरिकन इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह सह मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन अमेरीकन इंस्टीट्यूट के निदेशक सुदेश कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को किया गया, जिसमें 12वीं पास 30 से अधिक ट०पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के संच. ालक व लेखक विपिन कुमार ने चाणक्य आइएएस एकेडमी के इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन होगा, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा शामिल होने वाले थे और अपने हाथों से ही सभी ट०परों को सम्मानित करने वाले थे पर किसी आवश्यक कार्यों से उनकी मौजूदगी तो नहीं हो पाई लेकिन उन्हीं के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संचालित हो रहा है। बतौर मुख्य अतिथि चाणक्य आइएएस एकेडमी के झारखंड एकेडमिक हेड अनवर हुसैन व शिक्षक अमर कुमार भी इस कार्यक्रम में शरीक हुए। मुख्य अतिथि अनवर हुसैन, शिक्षक अमर कुमार, चाणक्य आइएएस एकेडमी के हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार, ब्रांच मै. नेजर अवधेश कुमार, अमेरिकन इंस्टीट्यूट के निदेशक सुदेश प्रसाद, लेखक विपिन कुमार समेत अन्य अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मौके पर मौजूद बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चाणक्य आइएएस एकेडमी के झारखंड एकेडमिक हेड अनवर हुसैन ने कहा कि दुनिया का हर शख्स सफलता की बुलंदियों को छूना चाहता है लेकिन सभी के सपने हकीकत में तब्दील नहीं होते। बल्कि उसी के सपने हकीकत में बदलते हैं, जिन्होंने समय की अहमियत को समझा और बेहतर मार्गदर्शन में सही दिशा में सकारात्मक सोंच के साथ अपने कदम आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद विद्यार्थी 12वीं पास कर चुके हैं। अब आपके पास मौका है कि आप अपने ज़िंदगी के बेहतर रास्ते का चुनाव करें। उन्होंने सिविल सेवा की परीक्षा से जुड़ी कई अहम बातें विद्यार्थियों को बताई और कहा कि मन में जज़्बा हो और मेहनत करने का जुनून हो तो आप आइएएस बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी संस्थान में हर वह सुविधाएं उपलब्ध है, जो सुविधाएं दिल्ली जैसे महानगरों में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी की देश भर में 24 शाखाएं संचालित हैं और सभी में दिल्ली जैसी सु. विधाएं उपलब्ध है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में वैसे विद्यार्थी जो बड़े शहरों में रहकर सिविल सेवा की तैयारी कर पाने में असक्षम थे, अब चाणक्य आइएएस एकेडमी से तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर रहें हैं। साथ ही चाणक्य आइएएस एकेडमी के देश भर के विभिन्न शाखाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अब हजारीबाग शाखा में सबसे अधिक समय दे रही हैं। श्रीमति मिश्रा चाहती हैं कि आने वाले समय में यूपीएससी का सबसे बेहतर रिजल्ट हजारीबाग शाखा का हो, क्योंकि सिविल सेवा में वह झारखंड को अव्वल देखना चाहती हैं। वहीं संस्थान के शिक्षक अमर कुमार ने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी की सबसे बड़ी विशेषता है कि जो विषय विशेषज्ञ शिक्षक दिल्ली स्थित संस्थान में कक्षाएं लेते हैं, वही शिक्षक हजारीबाग स्थित संस्थान या चाणक्य आइएएस एकेडमी के देश भर में स्थित अन्य संस्थानों में कक्षाएं लेते हैं, जो यह साबित करता है कि चाणक्य आइएएस एकेडमी के किसी भी संस्थान में रहकर आप सिविल सेवा की तैयारी कर रहे हैं तो आपको गुणवत्ता और सुविधाएं भी राष्ट्रीय स्तर की ही प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1993 में चाणक्य आइएएस एकेडमी की शुरुआत जब इंटरनेशनल मोटीवेशनल स्पीकर व सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने की थी, तब कंधे से कंधा मिलाकर उनके छोटे भाई और चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा की अहम भूमिका की वजह से आज संस्थान की 24 शाखाएं सफलता पूर्वक देश भर में संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही इन तीस वर्षों के दौरान 5 हजार से भी अधिक सिविल सर्विसेज और विभिन्न राज्यों के स्टेट पीसीएस में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सफलता हासिल कर आज सफलता की बुलंदियों पर काबिज़ हैं। इसलिए यहां मौजूद सभी विद्यार्थी भी सिविल सेवा में जाने के बारे में सोंच सकते हैं और भविष्य में देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। श्री कुमार ने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी मेधावी विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही है। अभी हाल ही में 12वीं आर्ट्स में राज्य की थर्ड ट०पर आंचल को चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने गोद लेने के साथ उनके आइएएस बनने तक की पूरी जिम्मेदारी ले ली, जो यह बताता है कि चाणक्य आइएएस एकेडमी अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बखुबी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आंचल सिर्फ एक बच्ची नहीं है बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे कई विद्यार्थियों को चाणक्य आइएएस एकेडमी उनके मंजिल में दिए जलाने का कार्य कर रही है। वहीं संस्थान के हजारीबाग शाखा के ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार ने सिविल सेवा से जुड़ी संस्थान में कराए जा रहे तैयारियों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी। संस्थान के हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार ने घोषणा करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी जो आर्थिक रूप से संपन्न नहीं है, उनके लिए संस्थान 40 फीसदी तक शुल्क में छूट देगी ताकि आर्थिक मजबूरी के कारण आपके ख्वाब हकीकत में तब्दील होने से वंचित रह जाए और वैसे विद्यार्थी भी सफलता हासिल कर सिविल सेवा में आकर देश सेवा कर सकें। मौके पर लेखक विपिन कुमार की ओर से विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया और सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि व चाणक्य आइएएस एकेडमी के झारखंड एकेडमिक हेड अनवर हुसैन, शिक्षक अमर कुमार, हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार, ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार, कार्यक्रम के संचालक व लेखक विपिन कुमार, अमेरीकन इंस्टीट्यूट के निदेशक सुदेश कुमार प्रसाद के अलावा चाणक्य आइएएस एकेडमी के सुभाष प्रसाद, राकेश कुमार, शिक्षक रितेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, आदित्य कुमार, भास्कर कुमार, प्रकाश कुमार, मिथुन कुमार, परमेश्वर महतो व बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक मौजूद थे।




## आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद, तिलैयाटांड गांव है रोड से वंचित





**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत सुदन के ग्राम तिलैयाटांड, चिंगी टोला एवं सिंधवाटांड में कच्ची सड़क भी नहीं है। बताते चलें कि एक तरफ पूरे देश अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है वही आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी तिलैयाटांड गांव, चिंगीटोला एवं सिंधवाटांड में लगभग 80 मकान में लगभग 1200 से 1300 की आबादी रहने के बाद भी लोगों को कच्ची सड़क भी नसीब नहीं हो पाया है ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कच्ची सड़क भी नहीं रहने से बच्चों को पांचवी के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जान जोखिम में डालकर बराकर नदी पारकर बगल के गिरिडीह जिला के विद्यालय का सहारा लेना पड़ता है दूसरी और गांव में जब कोई बीमार पड़ जाता है तो चारपाई(खाट) के सहारे लगभग 1 से 2 किलोमीटर दूर ले जाने के बाद वाहन मिल पाता है ग्रामीणों के द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों को सड़क से संबंधित अवगत कराया गया ।लेकिन किसी ने भी अभी तक इस गांव की और ध्यान नहीं दिया है। मौके पर देवनारायण साव, कैलाश साव, मनोज साव, सिकंदर साव, राजू साव,सुरेंद्र साव, महेश साव, विकास साव, त्रिवेणी साव, भोला साव, राजेश साव, सुनील साव, भुनेश्वर साव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## पतंजलि परिवार के द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह रक्षाबंधन कार्यकम आयोजित की गई





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

आज दिन रविवार को रेड क्र०स भवन गिरिडीह में पतंजलि परिवार गिरिडीह के द्वारा एक कार्यक्रम कार्यकर्ता सम्मान समारोह–सह रक्षा बंधन आयोजित की गई.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ गिरिडीह इकाई के मुख्य संरक्षक उद्योगपति जगत के माननीय गुणवंत सिंह मोगिया जी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगा. सना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अमित कुमार,भारत स्वाभिमान न्यास दुमका के जिला प्रभारी सूरज कांत मंडल ,एमडीएम पदाधिकारी गिरिडीह साधु शरण जी और अजय बगेड़िया थे। कार्यक्रम की सुरुवात सर्व प्रथम अतिथि के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद आध्या द्वारा गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन भारत स्वभिमान न्यास के जिला प्रभारी नवीन कान सिंह और मीडिया प्रभारी पुष्पा शक्ति संयुक्त रूप से कर रही थी। पतंजलि योगपीठ गिरिडीह द्वारा जिला और विभिन्न प्रखंडों के अच्छे कार्य करने वाले आदर्श कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें आदर्श कार्यकर्ता के रूप में वासुदेव महतो ,राजेश गोस्वामी तीसरी, महेंद्र प्रसाद पीरटांड़, शंकर भारती,नरेश वर्मा पीरटांड़ ,प्रवीण लाल शर्मा बदड़िहा मीना सिंह बदड़िहा,युगल किशोर डुमरी,राजेन्द्र प्रसाद स्वर्णकसर गांडेय,ललिता बरनवाल, सपना राय, रेखा सिन्हा, उत्कर्ष गुप्ता, सतीश कुमार, रीमा अग्रवाल ,सिकंदर गोप, चन्द्रदेव शर्मा,लक्ष्मी छाया,समता देवी,भानु प्रताप खत्री, सरोज वर्मा, प्रिया त्रिवेदी, सावित्री सरन ,आनंद चौरसिया ,दयानंद जैसवाल, आशुतोष गुप्ता,ब्रजकिशोर गुप्ता,जया सिन्हा,प्रणव पटेल,प्रवीण लाल शर्मा,सिकन्दर गोप, आदि बड़ी संख्या में लोगों को अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीच–बीच में योग गीत ,देश भक्ति गीत व नृत्य चलता रहा। जिससे माहौल काफी उत्साहित रहा। प्रीति सिन्हा द्वारा ए मेरे वतन के लोगों गीत की प्रस्तुति दी गई। प्रिया त्रिवेदी ने घर मोरे परदेसिया गीत पर नृत्य प्रस्तुत की। छोटी बच्ची आकांक्षा कृति द्वारा देश रंगीला रंगीला सुहानी कुमारी वह देश मेरे तेरे शांति सजके में प्रस्तुति दी। महिलाएँ हरे हरे परिधान में उपस्थित हुए हुई थी। जिससे सावन का एहसास हो रहा था। जड़ी बूटी और औषधियां पौधे के साथ–साथ योग आयुर्वेद और स्वदेशी के बारे में भी जानकारियां दी गई। मुख्य अतिथि ड० गुणवंत सिंह मोगिया ने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए कई टिप्स दिए। साथ ही सिटी के माध्यम से ऐ मेरे वतन के लोगों, देश भक्ति गीत सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया । युवा प्रभारी ने अपने उदबोधन में योग कक्षा का विस्तार करने और सह–योग शिक्षक प्रशिक्षण लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। समिति की बहनों द्वारा भाइयों के कलाई पर रक्षा सूत्र बा. धकर दीर्घायु होने की मंगल कामनाएं की गई। अंत में भोजन प्रसाद के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राज्य कार्यकारिणी सदस्य चंद्रहास जी युवा प्रभारी रणधीर गुप्ता सोशल मीडिया जिला प्रभारी पुष्पा शक्ति, कार्यकारिणी सदस्य आनंद चौरसिया, महामंत्री प्रेमलता अग्रवाल, आदि की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में मधु सिंह उषा बरनवाल सरिता गुप्ता सुनीता देवी गीता देवी आशा चौरसिया आशा सिन्हा सोनी विनीता उषा सिंह नीतू साहू बबीता श्रीवास्तव दुलारी देवी निर्मला देवी सावित्री सरन पूनम देवी रेखा गुप्ता रिंकू अग्रवाल हिंदी शकुंतला बरनवाल दीप्ति सिन्हा रीना सिन्हा स्वाति कुमारी वीरेंद्र प्रसाद उमा देव वर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित









**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

07अगस्त2022 को ष्आजादी के अमृत महोत्सवष के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गिरिडीह में जिला प्रशासन के द्वारा किया गया ५ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह एसडीएम विशाल दीप खलको मौजूद थे और विशिष्ट अतिथि बतौर डीपीआरओ रश्मि सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार, जिला सुरक्षा पदाधिकारी सुचिता भगत मंचासिन थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मंचासिन सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । विद्यालय की छात्राओं ने मंचासिन सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्र को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदा. धिकारी गिरिडीह सदर ने कहा ष्आजादी के अमृत महोत्सव ष के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । आजादी के 75 वें वर्ष में देश का जो सफर रहा है उसे याद रखना है इसकी इतिहास को समझना है, साथ ही सभी को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश के प्रति जो कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है उसका पालन करना है स देश के प्रति गर्व एवं सम्मान रखते हुए देश को आगे बढ़ाने हेतु हमेशा तत्पर रहना है स आजादी का अमृत महोत्सव एक माइल स्टोन है , इसके प्रति जागरूकता रखना है आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है एवं उसी उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आज नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम में सहभागिता वाले सभी विद्यालयों के दलों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं सकार्यक्रम की शुरुआत छात्रा वर्षा कुमारी (बी एन एस डी ए वी ) के द्वारा गीत १ ए मेरे वतन के लोगों १ देश भक्ति गीत से की गई । आईना के द्वारा हर घर तिरंगा पर नुक्कड़ नाटक , डीपीएस गिरिडीह के द्वारा नृत्य , कला संगम के द्वारा झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू – कान्हू पर छऊ नृत्य, कार्मेल स्कूल गिरिडीह के द्वारा हर घर तिरंगा पर समूह नृत्य , सीसीएल डीएवी के द्वारा नृत्य , कला संगम के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी फूलो – झानो पर स्टेज नाटक , बी एन एस डी ए वी के द्वारा नृत्य एवं कस्तूरबा गांधी गिरिडीह के द्वारा आदिवासी नृत्य किया गया । सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम काफी मनोरंजक एवं प्रेरणादायक थे । दर्शकों द्वारा कार्यक्रम की काफी सराहना की गई ।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक गिरिडीह, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला सांस्कृतिक नोडल पदाधिक. ारी गिरिडीह , जिला नजारत उप समाहर्ता गिरिडीह ,जिला पंचायती राज पदाधिकारी गिरिडीह , जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी गिरिडीह, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी गिरिडीह , क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी डूमरी एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान गिरिडीह इत्यादि उपस्थित थे ससांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुति देनेवाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया ।

## जिप सदस्य गीता देवी ने शिव भक्त श्रद्धालुओं के बीच चना शरबत का वितरण किया सद्भावना का दिया संदेश

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कांवरियों का अभिवादन किया एवं जिप सदस्य ने अपने सौजन्य से पसरिया मोड़ के समीप स्ट०ल लगाकर कांवरियों के बीच चना शरबत का वितरण किया। कई प्रकार की दवाइयां भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि भगवान की आराधना के साथ-साथ भक्तों की सेवा करने से सुख शांति की प्राप्ति होती है। बताते चलें कि बड़कागांव प्रखंड के बहुचर्चित 500 फीट ऊंचे महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में रजरप्पा से जल उठाव कर पैदल यात्रा कर शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया जाएगा। चितरपुर, रामगढ़, बरकाकाना ,भुरकुंडा ,सयाल, उरीमारी, पसरिया होते हुए लगभग 102 किलोमीटर की यात्रा कर प्रखंड के दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में लोग जलाभिषेक करेंगे। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, बड़कागांव प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां,किशोर हंसदा के अलावा वितरण कार्यक्रम में सहयोग करने वाले लोगों में मुख्य रूप से मुकेश विजय यादव, अशोक करमाली, गणेश सोरेन, कृष्णा करमाली, राकेश टूडू ,बालेश्वर मांझी, रंजन करमाली, सुमन हंसदा,शिवलाल मांझी, चंदन गंझू एवं देवनारायण गंझू आदि थे।

## सिंघरांवा में घर घर लहरायेगा तिरंगा

### मुखिया और उप प्रमुख के नेतृत्व में निकला जागरुकता रैली

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



सिंघरांवा में जुलुस में शामिल साथी सहिया व मुखिया

आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। गांव गांव, गली मुहल्लों तक घुमकर आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में सिंघरावां मे मुखिया संतोष सिंह के नेतृत्व में घर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु घर घर जा कर सभी लोगो को प्रोत्साहित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से उप प्रमुख प्रिती कुमारी ने भी सक्रियता निभाई तथा सभी को प्रेरित किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सिंघरांवा पंचाहत के हर घर में आजादी का महोत्सव मनाया जायेगा। इसे लेकर ग्रामीण स्वंय सजग हैं। उप प्रमुख ने कहा कि आजादी में बलिदानी देने वाले विभुतियों की याद में हर भारतीय महापर्व में हिस्सा लेगा। सिंघरांवा मिसाल बनेगा। मौके पर वार्ड सदस्य बसंती देवी, कौशल्या देवी, शास्त्री देवी सोनी देवी, कौशल्या देवी, शास्त्री देवी, मीना देवी, शोभा ,बसंती, मंजु देवी सहित विभिन महिला मंडल की दीदी उपस्थित रहीं। सभी सिंघरांवा के विभिन्न टोलों में जाकर प्रचार प्रसार किया।

## गांडेय विधायक ने अमृत सरोवर का शिलान्यास किया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत गांडेय प्रखंड में गांडेय विधायक डo सरफराज अहमद द्वारा ग्राम पंचायत दासडीह, के लोहारी गांव में एवं बेंगाबाद प्रखंड के छोटकी खरगड़िहा पंचायत के असगंधो में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण कार्य की शिलान्यास किया।, शिलान्यास समारोह में, दोनो ही जगह पर यथा गांडेय प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठ्क,, उपप्रमुख किशोर , एवम बेंगाबाद प्रखंड प्रमुख मीना देवी , उपप्रमुख शब्बा अंजुम , गांडेय बीस सूत्री अध्यक्ष धुर्वदेव पंडित , समेत दोनो प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्य पदाधिक. ारी, स्थानीय मुखिया , दास डीह पंचायत मुखिया निर्मला देवी, जितेंद्र मंडल , महालाल सोरेन, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अकबर अंसारी, छोटकी खरगड़िहा पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, समेत सुनील यादव , महेंद्र प्रसाद वर्मा, जैनुल अंसारी, मुस्तिकिम अंसारी, हसनेंन आलम ,हुसैन अंसारी,सहनबाज अंसारी समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## समाजसेवी शाहिद ने शिवभक्तों का स्वागत किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : रजरप्पा से बुढ़वा महादेव आ रहे सभी शिवभक्तों का युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू के तरफ से पथरिया मोड़ के पास स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं को शरबत एवं पानी हर साल की भांति इस साल भी श्रद्धालुओं के लिए सेवा उपलब्ध कराया गया है। श्रद्धालुओं के 105 किलोमीटर पैदल यात्रा को देखते हुए समाजसेवी शाहिद सोनू ने रजरप्पा से जल उठा कर बुढ़वा महादेव जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामना दिया।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कान्हाचट्टी प्रशासन ने बक्चुम्बा गांव में किया शांति समिति की बैठक में कहा

### मुहर्रम में कानून को हाथ में लेने वालों पर प्रशासान करेगी कावाई

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :प्रखंड के बक्चुमा गांव में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के अध्यक्षता में मुहर्रम के त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। संचालन थाना प्रभारी विकास पासवान ने किया। बैठक में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा पर चर्चा कर झंडोत्तोलन कार्यक्रम की सफलता पर भी चर्चा की गई।बी डी ओ हुलास ।महतो ने कहा कि किसी को भी मुहर्रम त्योहार में कानून को हाथ मे लेने की इज्ज़ाजत नही दी जाएगी और जो कानून को हाथ मे लेगा उस पर प्रशासन कावाई करेगी।बैठक में मुखिया पार्वती देवी पंचायत समिति पति राजु सिन्हा संतन दंगी पोखन दांगी बद्री दांगी आशिक मियां सद्दाम अंसारी दोनो समुदाय के गण्यमान्य उपस्थित थे । बैठक में त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया । मुहर्रम का जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से किया जाएगा । जुलूस के दौरान समाज के प्रबुद्ध लोग शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए जुलूस में साथ साथ चलेंगे । त्योहार पर माहौल खराब करने वालों की सूचना प्रशासन को दी जाएगी ।

## माँ भगवती वार्षिकोत्सव में सम्मिलित हुए विधायक व पूर्व विधायक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चतरा मोड़ स्थित भगवती मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूजा समिति के द्वारा आकर्षक झाँकी व भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण में मुख्यरूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष घनश्याम यादव, सचिव बिसुन साव, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, उपसचिव गिरधारी यादव, संयोजक अशोक यादव, उपसंयोजक जगदेव यादव, मीडिया प्रभारी दिलीप राणा ने महती भूमिका निभाया। रात भर भक्ति गीतों पर झूमते रहे लोग। जीवंत झांकियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का खूब मनोरंजन किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, भाजपा नेता आशीष सिंह, नरेश पासवान, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कांग्रेस नेता बीरबल साहू, रेवाली पासवान, विकास गुप्ता, समाजसेवी भोला राणा, दिलीप केशरी, विजय गुप्ता, शिवकुमार यादव, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## वन महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सत्यानन्द भोगता






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता एकदिवसीय दौरे हंटरगंज पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता प्रखंड क्षेत्र के मीरपुर पंचायत के ग्राम सोनवर्षा में वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा आयोजित 73वें वन महोत्सव कार्यक्रम का पौधा लगाकर शुरुआत की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री भोगता ने कहा कि पेड़ पौधे धरती के श्रृंगार हैं। पेड़ पौधे हैं तभी जीवन सम्भव है। हमसब को पर्यावरण का सरंक्षण व संवर्धन करना चाहिए। एक वृक्ष दस पुत्र के समान होते हैं। हमसबको अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। प्रकृति से छेड़छाड़ से मानव जीवन पर खतरा मंडराने लगता है। इसलिए संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे जीव जंतु सभी का संरक्षण आवश्यक है। पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है जिसका पेड़ पौधे का कटना एक मुख्य कारण है।इस महोत्सव कार्यक्रम में वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरजभूषण यादव, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जिलापरिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु यादव, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, वरिष्ठ प्रदेश राजद नेता चंद्रिका यादव, जयराम भारती समेत अन्य कई गणमान्य मौजूद रहे।

## अमृत महोत्सव के अवसर पर हुआ सिविल सर्विस अकैडमी का उद्घाटन






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

स्थानीय हजारीबाग कोरा स्थित जबरा रोड में हजारीबाग सिविल सर्विसेज अकादेमी (HCSA) का हुआ शुभारंभ कोर्रा जबरा रोड में आज हजारीबाग सिविल सर्विसेज अकैडमी का भब्य उद्घाटन हुआ, एकेडमी के उद्घाटन करता सह मुख्य अतिथि श्री रंजय कुमार भारती जी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व क्षात्र नेता एवं वर्तमान में भा.ज.पा. अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री) के कर कमलों द्वारा विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया । श्री भारती ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, संस्थान के पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज पूरा देश में आजादी की अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इस अवसर पर हजारीबाग में हजारीबाग सिविल सर्विसेज का उद्घाटन होना बहुत ही सराहनीय कार्य है, संस्थान के निदेशक के द्वारा उठाए गए यह कदम बहुत ही सराहनीय है इसका लाभ पूरा क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को मिले यही हमारी शुभकामना है। संस्थान के फाउंडर सह मैनेजमेंट डायरेक्टर श्री प्रवीण कुमार सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद करते हुए बताया कि हजारीबाग में JPSC] BPSC] SSC की तैयारी के लिए पूरे झारखंड प्रदेश से बेहतर शिक्षा एवं अपना लक्ष्य प्राप्ति हेतु हज़ारों विद्यार्थियों यहाँ आते हैं और हमारा एकमात्र उद्देश्य यही है कि इन विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दें और इनका चयन प्रतियोगी परीक्षावों मे अधिक से अधिक हो सके।इस संस्थान में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों एवं पदाधिकारियों द्वारा फैक्लटी वाइज शिक्षा दी जाएगी साथ ही साथ बीच-बीच में विभिन्न परीक्षाओं में चयनित अधिकारियों के द्वारा क्लास दिया जाएगा। आर्थिक रूप से पिछड़े क्षात्रों के लिए भी विशेष सुविधा की ब्यवस्था है इसलिए कि अब गुणवत्ता शिक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। समारोह में जिला ग्रामीण विकास के सचिव श्री सुनिल कुमार, धर्मेंद्र सर,ओम प्रकाश सर, जय प्रकाश सर के साथ सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पिंटू कुमार ने शिव भक्त श्रद्धालुओं के बीच पानी बोतल एवं बिस्किट का वितरण किया


**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार गांव निवासी मुस्कान रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू ने निजी खर्च से पसरिया जंगल सड़क मार्ग पर रजरप्पा से महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव मंदिर के लिए पैदल जा रहे शिव भक्तों के बीच पानी एवं बिस्किट का वितरण किया ।लगभग 800 शिव भक्त श्रद्धालुओं के बीच 1000 पानी बोतल एवं 800 बिस्किट पैकेट का वितरण किया। मौके पिंटू कुमार ने कहा कि शिवभक्त के बीच सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है। शिव भक्त रजरप्पा से बड़कागांव महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मे जलाभिषेक के लिए 102 किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे।







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हजारीबाग गौशाला में पहली बार होगा, सावन की अंतिम सोमवारी पर महा रुद्रभिषेक का आयोजन

### बड़ा बाजार यूथ विंग के विशेष सहयोग से पूजा-अर्चना होगा संपन्न

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




हजारीबाग शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित कोल. काता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में सावन माह के अंतिम सोमवारी के पावन दिन पर बड़ा बाजार यूथ विंग के विशेष सहयोग से महा रूद्रभिषेक एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। गौशाला परिसर मे रूद्रभिषेक कार्यक्रम पहली बार आयोजित की जाएगी। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच गौशाला परिसर में महा रूद्रभिषेक होगा संपन्न। सुबह 9:00 बजे से 11:30 तक पूजा अर्चना की जाएगी वही 12:30 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि सामाजिक कार्यो के साथ-साथ धार्मिक कार्यो में भी यूथ विंग अपनी उप. स्थिति सुनिश्चित करती हैं तो वही सावन की अंतिम सोमवारी के दिन गौशाला परिसर में पहली बार रूद्रभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। गांव के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इससे पूर्व यूथ विंग लगातार तीन सोमवारी में बुढ़वा महादेव परिसर में दूध,बेलपत्र का वितरण किया है। बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि रूद्रभिषेक पूजन को लेकर यूथ विंग के समस्त सदस्य काफी उत्साह में है तो वही गौशाला के आसपास के गांव के लोग मैं भी भक्ति भाव का पूरा उत्साह नजर आ रहा है। महा रूद्रभिषेक कार्यक्रम में सभी को सादर आमंत्रित हैं।

## लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ 12 अगस्त को बिजली विभाग कार्यालय का होगा चक्का जाम : राजकुमार यादव

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड अंतर्गत माल्डा पंचायत भवन के समक्ष रविवार को भाकपा माले गांवा एवं तिसरी दोनों प्रखंडों की जिला कमेटी प्रखंड कमेटी है व अगुवा साथियों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिसरी प्रखंड सचिव जयनारायण यादव एंव संचालन गांवा प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव ने किया। बैठक में पार्टी सदस्यों की रेनुअल, नये सदस्यों की भर्ती, राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारी, 75वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पार्टी द्वारा 10 अगस्त को पूरे गांवा बाजार में तिरंगा झंडा के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर आजादी की अमृत महोत्सव मनाएगी। लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ पार्टी द्वारा 12 अगस्त को तिसरी विद्युत कार्यालय का चक्का जाम किया जाएगा। भाकपा माले नेता सह धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि खेत व ग्रामीण मजदूरों को संगठित करके व आंदोलन की तैयारी को लेकर मजदूरों को सदस्य बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गांवा व तिसरी में पूराने व नए सदस्यों को मिलाकर दो हजार पार्टी मेंबर जोड़ना है। केंद्र व राज्य के सरकार में गरीब व मजदूर काफी परेशान हैं। मौके पर जिला कमेटी सदस्य बैजनाथ यादव, सकलदेव यादव, जिला परिषद सदस्य पवन चौधरी, बिरने मुखिया चंदन यादव, सांख पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव, गांवा मुखिया कन्हैय राम, आनंदी यादव, अलीम अंसारी, दिनेश पांडेय, बालेश्वर यादव, भोला साव, उपेंद्र राणा, दुखन साहा, नारायण यादव, पिंटू कुमार, लालू राय, नरेश कुमार, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार, अभिनन्दन कुमार, सुकर यादव, गाँधी यादव, इन्द. रदेव यादव, जासो देवी समेत सैकड़ो अगुवा साथी उपस्थित थे।

## बड़कागांव बुढ़वा महादेव परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

### जब बीमार होने के लिए किसी भी तरह का दवा नहीं खाया तो ठीक होने के लिए भी दवा की जरूरत नहीं है : आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कुश-क्रांतिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय के द्वारा बड़कागांव बुढ़वा महादेव परिसर में बड़कागांव गुरु चट्टी निवासी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा व उनके सहयोगियों के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बुढ़वा महादेव परिसर में पहुंचे श्रद्धालुवों का निशुल्क इलाज किया गया। उक्त चिकित्सालय संस्था के द्वारा पहुंचे लोगों के बीच निशुल्क चना व गुड़ का भी वितरण किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालुओं के शरीर में पाए गए सवाईकल, साइटिका, घुटने, कमर व जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, नींद ना आना, पेट संबंधी रोग, किडनी, लीवर व आंखों के रोग, पैरालाइसिस, रक्तचाप, शुगर, अस्थमा एवं लंबाई बढ़ाना आदि का इलाज किया गया। वहीं, चिकि. कत्सक आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा कि जब बीमार होने के लिए किसी भी तरह का दवा नहीं खाया, तो ठीक होने के लिए भी किसी तरह की दवा की जरूरत नहीं है, जो योग व वैकल्पिक चिकित्सालय से कई रोगों का इलाज संभव है। उपचार के बाद निशुल्क एक्यूप्रेशर सामग्री भी दी गई ताकि किसी भी परेशानी होने पर वह स्वतः अपना इलाज कर सकें। चिकित्सा टीम में मुख्य रूप से आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा, सार्जन कुमार शर्मा, एम डी डी भास्कर, क्रांति कुमारी, सत्यम कुमार गुप्ता, भारती कुमारी, पिंकी कुमारी सहित अन्य कई चिकित्सक उपस्थित थे। वहीं शिविर में उपचार कराने वाले श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से सुरेश दुबे, महेंद्र पासवान, रवि सिंह, योगिनी देवी, मोहन महतो, परमेश्वर महतो, विशाल कुमार, शंकर रजक , दिलीप महतो, गुज्जर महतो , किरण देवी , भोला महतो, केदार साहू, रितेश ठाकुर, अमित मालाकार, महेंद्र प्रसाद, रामप्रवेश मोची, आरती कुमारी सहित पहुंचे कई श्रद्धालुओं का निशुल्क इलाज किया गया ।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम आवाम से जिप सदस्य की अपील

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत जमुआ प्रखंड के भाग संख्या 13की जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने मिडिया से मुखातिब होते हुए अपने कार्यक्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि जमुआ प्रखंड सभी सभी देवतुल्य जनता जनार्दन से नम्र निवेदन है कि देश की आन बान शान एवं अपने अपने स्वाभिमान के लिए13 अगस्त से 15अगस्त तक देश के 75वें आजादी का अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए हर घर में तिरंगा लगाने का कष्ट करें। उन्होने हर घर तिरंगा कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की भारत के सभी 1,60,000 डाकघर व्यक्तिगत रूप से और अ०नलाइन भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री करेंगे। 13, 14 और 15 अगस्त को, देश में हर कोई अपने घरों में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा और हमारे भारतीय राष्ट्र का 75वां स्वतंत्रता दिवस पर्व खुशी और गर्व के साथ मनाएगा। पिछले हफ्ते 20 जुलाई 2022 को भारत सरकार ने भारत के राष्ट्रीय ध्वज 2002 (कोड) में बदलाव करते हुए एक नई अधिसूचना जारी की। तदनुसार, प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में, बाहर (घर के सामने, या छत पर) रात या दिन में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पहले राष्ट्रीय ध्वज को केवल सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच ही फहराने की अनुमति थी। -20 30 आकार की राष्ट्रीय ध्वज की कीमत मात्र 25 है। इसके अलावा छोटे आकार के राष्ट्रीय झंडे 18 और 9 में बेचे जा रहे हैं। आइए हम सब एक बार देश की आन बान और शान की खातिर25 खर्च करें और एक 20 30 आकार की राष्ट्रीय ध्वज खरीदें और अपने महान राष्ट्र भारत का 75वें स्वतंत्रता दिवस मनाएं भव्य और स्मरणीय बनाने के लिए अपने अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराएं।।

महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित भारतीय राष्ट्रीय ध्वज, खादी उत्पाद बेचने वाली कंपनियों द्वारा निर्मित भारतीय राष्ट्रीय ध्वज, और भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आठ सूक्ष्म उद्यमों द्वारा निर्मित भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भी आम जनता को बेचे जाएंगे। तिरंगा फहराने के नियमों में बदलाव इस प्रकार की गई है अब आप 24 घंटे यानि दिन और रात (24’7) कभी भी तिरंगा लगा सकते हैं, सूर्यास्त तक उतारने का नियम समाप्त। पूरे साल तक अपने घर या दफ्तर में तिरंगा लगा सकते हैं, मैला होने या फटने पर बदल दे। तिरंगा सिर्फ डंडे मे ही लगाया जा सकता है, जमीन से छूना नहीं चाहिए।

